प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

20.04.2025/प्रादेशिक समाचार/09.20 बजे

......

केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण तथा रसायन व उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा की अध्यक्षता में कल देर सायं चम्बा में आकांक्षी जिला कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, सांसद हर्ष महाजन, डॉ. राजीव भारद्वाज विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि वर्ष 2018 से आकांक्षी जिला कार्यक्रम के शुरू होने के बाद जिला में विकासात्मक गतिविधियों के लिहाज से काफी उन्नति हुई है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को योजनाओं की रूपरेखा तैयार करने में सभी जनप्रतिनिधियों की भूमिका सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए जिला प्रशासन को विशेष कार्य योजना तैयार कर राज्य सरकार के माध्यम से स्वास्थ्य मंत्रालय को प्रेषित करने को कहा। बैठक में पंडित जवाहरलाल नेहरू राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय भवन के चरण दो और तीन के निर्माण, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना चरण–4 के तहत प्रस्तावित कार्य तथा केंद्रीय सड़क निधि योजना से संबंधित परियोजनाओं पर भी विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिला में विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए केंद्रीय सहायता कि आवश्यकता रहेगी।

......

प्रदेश सरकार ने राज्य में न्यूनतम बस किराया पांच से बढ़ाकर दस रुपये कर दिया है। दस रुपये न्यूनतम किराया पहले चार किलोमीटर तक लागू होगा। शनिवार को परिवहन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव कमलेश कुमार पंत की ओर से इस संबंध में अधिसूचना जारी की गई। चार किलोमीटर से अधिक के सफर पर प्रति किलोमीटर किराया पूर्व की तरह 2 रुपये 19 पैसे के आधार पर लिया जाएगा।

......

जनजातीय जिला किन्नौर के पूह में आज सामुदायिक रेडियो स्टेशन का उद्घाटन किया जाएगा। भारतीय सेना की ओर से प्रदेश में पहली बार स्थापित रेडियो स्टेशन का उद्घाटन कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ लेफिटनेंट जनरल अनिंद्य सेन गुप्ता करेंगे।

......

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज आसमान पर बादल छाए हुए हैं। जनजातीय जिला किन्नौर में बीती रात बारिश हुई। चंबा जिला में भी आज सुबह वर्षा का समाचार है।

लाहौल–स्पीति के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में कल ताजा बर्फबारी हुई है। मौसम के इस मिजाज से पहाड़ों में न्यूनतम तापमान में हल्की गिरावट आई है। मौसम विज्ञान केंद्र ने आज प्रदेश के अनेक स्थानों पर तूफान व बारिश होने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। राज्य में कल से मौसम साफ बना रहेगा।

......

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से..............

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है–**शिपकिला के रास्ते कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरू करने के लिए केंद्र सरकार से करेंगे आग्रह।**

पंजाब केसरी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के हवाले से लिखता है–**राज्य में न बिकने वाले अखबारों को करोड़ों के विज्ञापन देना जनता के पैसे की बर्बादी ।**

दैनिक जागरण के शब्द हैं–**स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए कार्ययोजना बनाएं**

दिव्य हिमाचल की एक खबर है–**हिमाचल में निर्मित 38 दवाएं जांच में फेल–पाकिस्तान–चीन की ब्यूटी क्रीम और लिपस्टिक में जहरीला पारा।**

हिमाचल दस्तक की सुर्खी है–**इस साल लागू रहेगी बी.पी.एल. की पुरानी सूची, आदेश जारी–लाखों परिवारों को राहत, अगले वर्ष जनवरी से लागू होगी नई लिस्ट ।**

दैनिक सवेरा टाईम्स के अनुसार– **मुख्यमंत्री ने वित्त विभाग को 30 अप्रैल तक ठेकेदारों के बकाया भुगतान करने के दिए निर्देश।**

मौसम पर दैनिक भास्कर का लिखता है–**पहाड़ों में फिर हिमपात, आज 4 जिलों में बारिश और ओलावृष्टि के आसार।**

...................